<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>
<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (एस बी एम) 2016-17 के तहत 1 से 15 अक्तूबर तक स्वच्छ भारत पखवाड़े का आयोजन ।

<u>नई दिल्ली, 02 अक्टूबर, 2016:</u> भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में 'मिशन स्वच्छ भारत' पर स्वच्छ भारत पखवाड़े तथा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया । शपथ तथा श्रमदान सहित स्वच्छ भारत पखवाड़े का आयोजन 1-15 अक्तूबर 2016 तक किया जाएगा ।

श्री एस. रहेजा, अध्यक्ष (प्रभारी), भा.वि.प्रा. ने इस अवसर पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए अधिकारियों को शपथ दिलाई तथा कहा कि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हम प्रति सप्ताह सफाई अभियान के प्रति दो घंटे समर्पित करें । अध्यक्ष, भाविप्रा ने यह भी कहा कि सफाई अभियान की गतिविधि निरंतर होनी चाहिए एक दिन के लिए नहीं । बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और राजीव गांधी भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली के परिसर-क्षेत्र की सफाई की ।

स्वच्छ भारत पखवाड़े का आयोजन सभी हवाईअड्डों तथा देश भर में भाविप्रा के कार्यालयों में भी किया जाएगा । इस सफाई अभियान के दौरानआइए, हम सभी अपने कार्यस्थल व हवाईअड्डों को साफ रखने का प्रण करें ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 38/2016-17

श्री एस. रहेजा, अध्यक्ष (प्रभारी), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान के लिए स्वच्छ भारत पखवाड़े के अवसर पर सी एच क्यू, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आई एन ए, आवासीय कालोनी, नई दिल्ली में शपथ दिलवाई । चित्र में साथ में दिखाई दे रहे हैं: श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), श्री ए. के. दत्ता, सदस्य (ए एन एस) तथा श्री यतेन्द्र कुमार, आई.ए. एस., मुख्य सतर्कता अधिकारी, भा.वि.प्रा. ।